हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया
बुधवार, 02 जनवरी 2019, बरेली, पांच प्रदेश, 21 संस्करण, नगर
www.livehindustan.com

मेजबान एसआरएमएस ने किया 4-0 से क्लीन स्वीप

बरेली | वरिष्ठ संवाददाता

एसआरएमएस क्रिकेट अकादमी में खेली गई चार क्रिकेट मैचों की सीरीज में मेजबान एसआरएमएस ने गुजराल अकादमी लखनऊ को 4-0 से हराकर क्लीन स्वीप किया। आखिरी मैच में एसआरएमएस ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 35 ओवरों में 198 रन बनाए।

रजत मिश्रा ने 99 रनों की शानदार पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुजराल क्रिकेट अकादमी लखनऊ की टीम 35 ओवर में नौ विकेट खोकर 146 रन ही बना सकी। एसआरएमएस के लिए देवांश मूर्ति ने सर्वाधिक तीन विकेट झटके।

रजत मिश्रा को सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज, देवांश मूर्ति को मैन आफ द सीरीज, चैतन्य सिंह को उभरता हुआ गेंदबाज और फेवरेट प्लेयर चुना गया। अकादमी के डायरेक्टर आदित्य मूर्ति ने पुरस्कार बांटे। वीरेंद्र सिंह गुजराल, मनीष सिंह, शंकर पाल आदि मौजूद रहे।